## होटलों में छापेमारी, शराब के साथ दो गिरफ्तार

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने दो अलग-अलग होटलों में छापेमारी कर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।जिसमें दिल्ली होटल पोखराडीहा से संजीवन कुमार पिता राजेंद्र चौधरी ग्राम गोविंदपुर निवासी तथा अपना होटल खीराकला से अजय कुमार पिता लाल बिहारी प्रसाद यादव के साथ अंग्रेजी शराब के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को शराब समेत उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में कोडरमा भेज दिया गया है।

# वाहन चेकिंग में तीन अफीम तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता





**चरही।** चरही पुलिस वाहन चेकिंग में तीन आफीम सहित तस्कर गिरफ्तार चरही पुलिस को मिली गुप्त सूचना के अनुसार सुचना दिया गया विष्णुगढ एसडीपीओ को उनके आदेश अनुसार चरही थाना प्रभारी बिक्रम कुमार के नेतृत्व टिम गठित कर एसएआई जितमोहन महतो को सशस्त्र बल के साथ चरही घाटी में वाहन चेकिंग लगया गया। कुछ समय गुजारने के बाद रामगढ़ मांडू की ओर से एक सफेद रंग का स्विफ्ट वाहन आते दिखायी दिया। चेकिंग स्थल पर रूकने को कहा गया मगर चालक ने वाहन को भगाने लगा उतना ही मुस्तैद पुलिस जवान कुछ दुर जाकर रोक लिया गया वाहन को रूकते ही स्विफ्ट मे सवार तीन व्यक्ति भागने को कोशिश करने लगा लेकिन एक भी नहीं चला तीनो को दबोचा गया । वाहन में जांच किया गया तो अगले शिट के अंदर से एक किलो ग्राम का चार पैकैट अफीम निकला अफीम सहित तिनो व्यक्ति को थाना लाया गया पुछताछ के दौरान गुनाहों को कबूल किया। प्राथमिकी दर्ज कर तीनो व्यक्ति को हजारीबाग जेल भेजा गया इन तीनों में एक का नाम सुलेमान उम्र 28 वर्ष दुसरा निर्मल उम्र 35 वर्ष दोनो का पिता हबिल ग्राम चलकद थाना अडकी जिला खुंटी तिसरा अमिर हुसैन उम्र 33 वर्ष पिता जाकिर हुसैन ग्राम अंबाटोली थाना नगड़ी जिला रांची।

**ये बरामदगी हुआः** चार किलो ग्राम अफीम, एक स्विफ्ट कार, तिन एंड्राइड मोबाइल फोन, दो कीपेड मोबाइल फोन।

**छापामारी मे रहे शामिलः** विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारि अनूज उरांव, चरही थाना प्रभारी बिक्रम कुमार, एस ए आई जितमोहन महतो, सशस्त्र बल के जवान सतेंदर कुमार, रोहित सींह, कुशलेश कुमार, चालक इन्द्रदेव यादव लोगों ने शामिल था।

## विधायक ने स्वास्थ्य उपकेंद्र और सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



विष्णुगढ (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक जे पी पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर में 47 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य और जमनिजारा के कुबरीआम से छपरवा तक 84 लाख से सड़क और गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक जे पी पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण हो जाने पर ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है।गोविंदपुर में ही इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास के मौके पर उन्होंने कहा कि सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है अच्छी सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए हमने इस को बनाने की स्वीकृति दिलाकर आज शिलान्यास किया। बहुत जल्द अच्छी सड़क पर लोग आ जा सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार निरन्तर जारी है।सड़क शिक्षा स्वास्थ्य पर ज्यादा फोकस है। ग्रामीणों को बेहतर सड़क ,स्वास्थ्य केंद्र , और शिक्षा देने का काम किया जा रहा है।देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नित्य नई कृतिमान गढ़ रहा है जो देश के साथ साथ विदेशो में भी भारत का नाम रौशन हो रहा है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल,प्रमुख जैबुन निशा,सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील कुमार मंडल, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष नारायण महतो, मुखिया कुंवर हंसदा, एम एस अनुज कुमार, वासुदेव महतो,अनिल कुमार राय, बेलाल अंसारी, महेंद्र कुमार महतो, लालमन महतो, नुनु गोपाल आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## छात्रों के सम्मान में अभिनंदन समारोह



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में कक्षा दशम और द्वादश में 85% से अधिक अंक बोर्ड परीक्षा में आने वाले भैया बहनों को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथि परिचय प्रभारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा किया गया । बहन प्रगति कुमारी, अदिति कुमारी, तुलसी कुमारी और खुशी कुमारी के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रो की प्रतिभाओं के हौसलों को और बुलंदी पर ले जाना है। परीक्षा प्रमुख आचार्य प्रदीप कुमार द्वारा परीक्षा फल का वृत्त द्वारा रखा गया। समारोह में कुल 23 भैया बहन और उनके अभिभावक शामिल हुए । अभिभावकों की ओर से श्वेता सिन्हा ,कौलेश्वर ठाकुर ने अपने अपने विचार रखें। शुभम कुमार के पिता कौलेश्वर ठाकुर ने अपने पुत्र की उपलब्धि के लिए विद्यालय को तहे दिल से धन्यवाद दिया । भैया बहनों की ओर से मुस्कान सिंह ने अपने विचार रखे और कृतज्ञता अर्पित की । सचिव अनुराग सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वर्णिम क्षण विद्यालय में बार बार आए। वही अध्यक्ष नारायण सिंह ने पूरे कार्यक्रम का मुख्य पात्र भैया बहनों को बताया। आभार प्रकट विद्यालय के आचार्य नीरज कुमार के द्वारा किया गया और मंच संचालन आचार्य डॉ०धीरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष अरविंद चौधरी,कोषाध्यक्ष नवल कुमार, सदस्य बी.एन.शर्मा , अभिभावक सेठ साहु ,सेवा भारती के आलोक सिन्हा ,दुर्गा वाहिनी की संध्या और विद्यालय के आचार्य रामानुज पांडे ,वीरेंद्र प्रसाद ,वीरेंद्र मिश्रा, विजय मिश्र ,संजय कुमार महतो ,मुन्ना सिंह, पवन कुमार शर्मा ,संजय सिंह,विजय तिवारी, सुनील कुमार, दीपक विश्वकर्मा, प्रभात सौरव, चंद्रशेखर कुमार, उमाशंकर कुमार, बिपिन कुमार डे, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, चंद्रकावेरी निहाल, अर्चना सिन्हा, अनीता ठाकुर, सोनी कुमारी, रिमझिम कुमारी सहित अन्य आचार्य व दीदी जी उपस्थित थे।

## अखिलेश मेहता की हत्या का आरोपी प्रदीप गिरफ्तार

इचाक (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बोंगा गांव में शनिवार को मामूली जमीन विवाद को लेकर दो चचेरे भाई भिड़ गये। इसी दौरान अखिलेश मेहता को चाकू मार कर हत्या कर दी गयी थी, जबकि बीच बचाव में आए अखलेश मेहता के छोटे भाई रितेश राज उर्फ छोटू को भी चाकू लगी थी जिसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया था। इचाक थाने में थाना कांड 126/23 दर्ज किया गया था। इचाक पुलिस ने प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में 12 घंटे के भीतर अखिलेश मेहता की हत्या के आरोपी और प्राथमिकी अभियुक्त प्रदीप प्रसाद मेहता उर्फ प्रदीप कुमार पिता स्व सहदेव प्रसाद मेहता सा बोंगा थाना- ईचाक जिला-हजारीबाग को शनिवार की रात्रि गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सतगावां में ठनका से दो बच्चों की मौत, चार गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** थाना क्षेत्र के मीरगंज पंचायत के झरगांव में रविवार की दोपहर 3 बजे के करीब बारिश के पूर्व हुए वज्रपात से 2 बच्चों की मौत हो गयी। घटना में एक बच्चे की स्थिति गंभीर है, वहीं दूसरी जगह हुए वज्रपात में भी एक बच्चा और दो महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान थाली थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी फंटूश भुइयां की 8 वर्षीय पुत्री ऋतु कुमारी व मीरगंज पंचायत के झरगांव निवासी कुलेश्वर भुइयां के 5 वर्षीय पुत्र बालवीर कुमार के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल बच्चे की पहचान थाली थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी फंटूश भुइयां के 4 वर्षीय पुत्र सितम कुमार के रूप में हुई है। मृतका ऋतु कुमारी व गंभीर रूप से घायल सितम कुमार सहोदर भाई-बहन है, जबकि मृतक बालवीर कुमार ममेरा फुफेरा भाई है। स्थानीय लोगों ने बताया सभी बच्चे अन्य दिनों की भांति घर के बाहर खेल रहे थे। खेलने के दौरान यह घटना घटी। बारिश के पूर्व ही एकाएक वज्रपात हुई और मौके पर ही एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं दूसरे की इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। परिजन वज्रपात से घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने ऋतु कुमारी व बालवीर कुमार को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल सितम कुमार का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की सूचना पाकर बीडीओ बैधनाथ उरांव व सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत कटैया में खेत में काम करने के दौरान वज्रपात से एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

घायलों की पहचान कटैया गांव निवासी मीना देवी (उम्र 50 वर्ष, पिता कुल्लू सिंह), गीता देवी (उम्र 40 वर्ष, पति अजय ठाकुर व बच्चे पीयूष कुमार (उम्र 12 वर्ष, पिता सुरेश प्रसाद यादव) के रूप में हुई है। इनका उपचार नवादा जिले के गोविंदपुर स्थित निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है।

## अंबा प्रसाद ने बीज वितरण केंद्र का किया उद्घाटन



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के करमाही कर्बला चौक में महिलाओं द्वारा संचालित कर्मण्यम महिला एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड (केरेडारी) के नए दुकान के उद्घाटन और 50% अनुदानित दर पर बीज वितरण का शुभारंभ स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गयो इस दौरान बीज केंद्र का विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा किसानों के बीच अंबा प्रसाद ने विभिन्न किस्मों के बीज का वितरण कियो इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि किसानों को हितों में ध्यान में रखते हुए बीज अनुदान योजना के तहत किसानों को फसलों के बीज पर सब्सिडी दे रही है राज्य में फसलों का उत्पादन आर उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को सरकार द्वारा उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं ताकि अधिक से अधिक किसान इन बीजों का प्रयोग कर पैदावार बढ़ा सकें। इसके लिए सरकार द्वारा इन बीजों की खरीद पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। महिलाओं द्वारा संचालित इस दुकान के मुनाफे में महिलाओं की बराबर हिस्सेदारी हो, किसानों के लिए उन्नत बीज रियायती दरों पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, पंचायत समिति सदस्य अरविंद साव,रामेश्वर साव,प्रीतम साव,अमित गुप्ता,गजेंद्र यादव,प्रभु यादव,जगरनाथ यादव, नारायण यादव,महावीर साव,किशोर यादव,लाल बहादुर साव, सरिता देवी, रेशमा परवीन, पूनम देवी, मनीष कुमार व अयूब अंसारी समेत कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



केरेडारी (आजाद सिपाही)। केरेडारी पुलिस ने केरेडारी थाना काण्ड संख्या 102/2023 भादवि की धारा 302/201/34 के अप्राथमिक अभियुक्त प्यारी भुइयां उर्फ झुबर भुइयां उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक हिराशत में भेज दिया है उक्त आरोपी चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के काढ़मदिरि का रहने वाला है इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने बताया की बीते 29 अप्रैल को मनातू से फुसरी जाने वाली रास्ते के पश्चिम दिशा में एक अज्ञात शव बरामद किया गया था जिसकी पहचान कोमल भुइयां 23 वर्ष पिता फागुन भुइयां के रूप में की गई थी यह कांड वादी मृतक के पिता द्वारा केरेडारी थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था जिसके आधार पर इस घटना के प्राथमिक अभियुक्त मिथुन भुइयां उम्र 23 वर्ष पिता सुकर भुइयां जो टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह का रहने वाला था उसे पुलिस ने 12 मई को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और अब दूसरे आरोपी को न्यायिक हिराशत में भेजा गया है।

# ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट में सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** बैंक ऑफ इंडिया के बगल में स्थित ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस ने प्रखंड के इंटरमीडिएट विज्ञान के कई टॉपर छात्रों को ट्रॉफी मेडल स्कॉलरशिप कलम इत्यादि देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को संस्थान के निदेशक सुनील कुमार ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मेहनत से जो अपना मुकाम हासिल करते हैं, वहीं दुनिया में अलग पहचान बनाते हैं। उन मेधावी विद्यार्थियों के लिए दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने जिस मेहनत से अपने लक्ष्य को पाने का संकल्प लिया था, उसमें वें सफल भी हुए हैं , अभिभावकों को भी उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता में शिक्षक और अभिभावकों की बड़ी जिम्मेवारी होती है और इस जिम्मेवारी को उन्होंने बखूबी निभाया हैं। सम्मान समारोह में विष्णुगढ़ के प्रखंड टॉपर शशिकांता कुमारी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा संस्थान के टॉपर छात्रा काजल कुमारी ,संध्या कुमारी, अल्पना कुमारी, ममता कुमारी, श्रवण कुमार, प्रीति कुमारी, सत्यम, श्वेता कुमारी, सुलेखा कुमारी ,नेहा कुमारी ,अंजली पटेल, कुंती कुमारी ,पिंटू कुमार, गणेश कुमार, सचिन कुमार, जिन्नत परवीन, अकाश कुमार, रोहित कुमार ,पूनम कुमारी, राजकुमार, अजय कुमार, जनार्दन कुमार ,सुमन कुमारी, सोगरा खातून ,पिंकी कुमारी, प्रीति कुमारी ,रिंकी कुमारी, मुकेश कुमार, निशा कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजू कुमारी ,नेहा कुमारी, बबीता कुमारी, कुसुम कुमारी ,सना खातून ,विकास कुमार, सपना कुमारी ,प्रकाश कुमार ,संजीदा खातून चांदनी कुमारी प्रियंका कुमारी सपना कुमारी आनंद कुमार इत्यादि सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि आज के समय में शिक्षा बहुत जरूरी है ,शिक्षा के बिना जिंदगी जीना कठिन हो जाती है । हम सबों को शिक्षा लेना परम कर्तव्य है इसके अलावे संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार महतो ने बताया कि ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एक ऐसी संस्थान है जहां पर बच्चों को एक अच्छी शिक्षा दी जाती है साथ ही साथ संस्कार भी दी जाती है उन्होंने इस अवसर पर घोषणा किया की जैक में टॉप टेन करने वाले छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिये स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा साथ ही इस संस्थान में मेधावी छात्रों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। समारोह में कई हिरामन महतो ,केवी मंडल, महेंद्र महतो, संतोष महतो, एंबीशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विवेक कुमार ,गोविंदपुर 10+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश महतो, संस्थान के शिक्षक संजय कुमार कुशवाहा ,चंद्रदेव कुमार, राजेश महतो ,अजय कुमार इत्यादि शामिल हुए।

## शराब के खिलाफ चला छापामारी अभियान



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर डुमरियाटाड जंगल मे तीन भट्टी और छोटकीबागी मे गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के भट्ठियों को नष्ट किया गया। थाना क्षेत्र के डुमरियाटाड और छोटकीबागी जंगल में कई वर्षों से अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के ठिकाने पर छापामारी कर उक्त भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने लगभग 10 क्विंटल जावा महुआ को नष्ट करते हुए दो दर्जन से भी अधिक ड्रम और शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के ठिकाने पर अभियान के तहत छापेमारी कर इस धंधे में शामिल लोगों पर अंकुश लगाया जाएगा। भनक लगते ही शराब बनाने वाला संचालक फरार हो गया। छापामारी दल में पुलिस बल के जवान भी शामिल थे।

## जल मीनार खराब, पानी के लिए हाहाकार



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के चंदौल पंचायती स्थित ग्राम पुंदौल के वार्ड नंबर 2 मे योजना स्वीकृत एसटी/एससी विनोद गंझू के नाम से लगाया गया था पूर्व के पीएचडी के द्वारा दी गयी। पुराने चापाकल में ही पीएचडी विभाग द्वारा नल जल योजना लगाया गया। इस योजना से 25 परिवारों का जलापूर्ति करने के लक्ष्य रखा गया था। यह काम कांट्रेक्टर कन्हाई नारायण दास के द्वारा कार्य संपन्न कराया गया। जब लाभुक के द्वारा कई बार पीएचडी के जेई और कांट्रेक्टर से मोबाइल के माध्यम से शिकायत की गयी तो उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही बना दिया जायेगा। लेकिन 6 माह से यह नल जल योजना बंद पड़ी हुई है। फिर भी जनता के शिकायत पर विभाग एवं कांट्रेक्टर अपने कानों में तेल डालकर सोया हुआ। उक्त बातें ग्राम पुंदौल के ही समाजसेवी विनोद यादव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं गयी है। श्री यादव ने आगे कहा है कि यह योजना सरकार के अति महत्वपूर्ण योजना है। लेकिन इसमें घटिया कार्य करके अपना खानापूर्ति किया जा रहा है जिससे सरकार की महत्वकांक्षी योजना विफल नजर आ रही। उन्होंने हजारीबाग उपायुक्त से मांग की है कि जहां भी जल नल योजना बन रही है वह सही ढंग से गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ नियमित रूप से संचालित सुनिश्चित किया जाये।

## गिरफ्तारी से भाग रहे दो आरोपी को भेजा जेल

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। कोर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम-करकरी, सिंदूर में मई माह के दौरान दो परिवार वालों की आपसी लड़ाई के दौरान विनय राम पे-सरजू राम,सा-करकरी,सिंदूर,थाना-कोर्रा गम्भीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिस पर वादी विनय राम के ही फर्द बयान पर कोर्रा थाना कांड सं0-125/23 दर्ज किया गया था। जख्मी विनय राम की इलाज उपरांत घर में रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी। तत्पश्चात गिरफ्तारी के भय से भाग रह रहे आरोपी दामोदर राम पे-स्व तेजू राम और गंगिया देवी पति-दामोदर राम को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मृतक विनय राम, आरोपी दामोदर राम के रिश्ते में भांजे लगते थे। दामोदर राम पर पूर्व में भी मारपीट से संबंधित केस दर्ज है।

## अंबा प्रसाद के आवास पर सहायक अध्यापकों ने दिया धरना

# वेतनमान मिलने तक करते रहेंगे आंदोलन: संजय मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति के द्वारा विधायक अंबा प्रसाद के हुडहुंडू स्थित आवास में टेट पास सहायक अध्यापक ने स एक दिवसीय धरना दिया, सभा की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय अध्यक्ष अनीता महतो और सभा का संचालन कैलाश मेहता और चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में टेट पास संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय मेहता मौजूद थे। सभी शिक्षकों ने नया बस स्टैंड से रैली के शक्ल में मुख्यमंत्री महोदय वादा पूरा करो, टेट सहायक अध्यापक को वेतनमान देना होगा का नारा लगाते हुए विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर पहुंचे और वहां बैठकर धरना पर बैठ गये। 4 बजे शाम तक सहायक अध्यापक धरना पर बैठे रहे और सत्ता दल के सभी विधायक और मंत्री मुख्यमंत्री को चुनाव के समय किया हुआ वादा को पूरा करने का भाषण बाजी चलता रहा। विधायक मीटिंग होने के कारण नहीं पहुंच पायी परंतु टेलीफोन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मंगलवार को आप लोग आइए बैठकर अपने बातों को रखिए और जहां तक होगा मैं आप लोगों की बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाऊंगी। साथ ही साथ आपके कमेटी को शिक्षा सचिव के साथ वार्ता कराऊंगी। धरना में मुख्य रूप से मनीष ठाकुर, प्रह्लाद कुमार, गिरधारी प्रसाद, आशा कुमारी, विमलेश महतो, सिलोन भारती, जय शंकर प्रजापति, कालेश्वर प्रसाद ,कैलाश भुइयां, दिगंबर कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, अजीत वर्मा, कृष्ण देव राम, सुभाष मेहता, अशोक पासवान, संजय कुमार, बच्चन कुमार ,बालेश्वर प्रसाद, रफीक आलम, भीमसेन राम, विनोद पासवान, आशुतोष सांगा, तारकेश्वर दास मोहम्मद जमाल जितेंद्र कुमार, सीताराम यादव ,सीताराम साहू, प्रकाश शर्मा, कमल गुप्ता आदि शिक्षक धरना में शामिल हुए।

## जहानाबाद से रजरप्पा मंदिर आ रही बस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, एक दर्जन घायल



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बिहार के जहानाबाद जिले के घोसी थाना अंतर्गत धामकपुर गांव से रजरप्पा मंदिर में पूजा करने जा रही बस (संख्या बीआर 25 पोए 1455) चौपारण पिपरा गाव स्थित जीटी रोड पर पलट गई जिसमे एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। इस घटना में 20 वर्षीय यूवक सिक्टर कुमार की मौत हो गई जबकि पायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें से तीन की स्थिति गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


### प्रिंसिपल, जज व अन्य न्यायाधीशों ने किया कसियाडीह स्थित केकेएम फार्म हाउस का अवलोकन, की प्रशंसा

# पर्यावरण संरक्षण में सराहनीय योगदान है केकेएम स्कूल का : प्रधान न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसियाडीह गांव में संचालित के-केएम स्कूल का फार्म हाउस का प्रिंसिपल जिला और सत्र न्यायधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, सीजीएम श्री चंद्र, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव राकेश कुमार, सिविल कोर्ट निबंधक राज कुमार व सुचिता निधि तिग्गा सहित अन्य ने किया सपरिवार अवलोकन। इस दौरान प्रिंसिपल जिला और सत्र न्यायधीश राजेंद्र बहादूर पाल ने केकेएम पब्लिक स्कूल के द्वारा किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसियाडीह में बनाये गये फार्म हाउस में पर्यावरण को संरक्षित किये जाने हेतु लगभग 4 एकड़ भूमि पर विभिन्न प्रकार के लगाए गये फलदार पौधे और पेड़ का अवलोकन कर प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से केकेएम की ओर से लगाये गये पेड़ पौधे काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधा लगाने का कार्य करें जिससे लोहरदगा जिले में पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। इधर प्रिंसिपल जिला एवं सत्र न्यायधीश राजेंद्र बहादूर पाल एवं अन्य न्यायधीशों ने केकेएम पब्लिक स्कूल के फार्म हाउस का निरीक्षण के क्रम में आम, अमरूद, सेब, अंगुर, बेदाना, मौसमी, बड़ी इलायची सहित अन्य सभी प्रकार के खेती का निरीक्षण कर बारीकी से जानकारी प्राप्त कर प्रशंसा करते हुए कहा कि मनुष्य के अलावा सभी प्रकार के जीव जंतुओं के लिए शुद्ध पर्यावरण जीवन रक्षक साबित होता है। हमे पर्यावरण को संरक्षित करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को नुकसान होने से बचाने की जरूरत है ताकि लोहरदगा जिलावासियों को शुद्ध पर्यावरण मिल सके। इधर केकेएम फार्म हाउस का निरीक्षण पहुंचे प्रधान जिला और सत्र न्यायधीश और सभी न्यायाधीशों के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। इस दौरान किस्को थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्काउट किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली गयी थी। मौके पर स्वतंत्रता सेनानी पुत्र अब्दुल कुद्दुस संसारी, केकेएम स्कूल के डारेक्टर शैलेंद्र प्रियदर्शी, प्रिंसपल मधु कुमारी, शिक्षक सौरभ कुमार। असलम अंसारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# हमारा सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है धुमकुड़िया : मंत्री रामेश्वर उरांव

### मंत्री रामेश्वर उरांव व रास सांसद धीरज साहू ने किया 31 धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड में रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से 31 धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास किया। मौके मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि धुमकुड़िया हमारी सामाजिक केंद्र, धार्मिक केंद्र और सांस्कृतिक केंद्र है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोहरदगा जिले में धुमकुड़िया भवन, सांस्कृतिक केंद्र, अखड़ा,की कमियों को देखते हुए हमने संस्कृति और परंपरा को आधुनिक युग में कैसे महत्वपूर्ण बनाया जाये इस पर कार्य किया है। फल स्वरूप आज 31 धुमकुड़िया भवनों का शिलान्यास किया गया। इसके साथ-साथ विधायक निधि से लोहरदगा जिले के हर एक गांव में आदिवासी परंपरा और त्योहारों को संरक्षित करने के लिए अखड़ा का निर्माण कर रहे हैं ताकि भावी पीढ़ी सांस्कृतिक परिवेश में जीवन व्यतीत करें और आधुनिक काल में हम अपने परंपरा एवं संस्कृति को न भूलें। समय-समय पर सभी प्रखंडों में जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र के सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्य को पहुंचाया जायेगा। मौके पर रोहित उरांव, जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, विधायक सह मंत्री प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, जिप सदस्य राधा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, हाजी सिकंदर अंसारी, चंद्रशेखर भगत, संभू प्रजापति, बबलू खान, देवनाथ उरांव, संजय नायक, तारिक खान, मुशर्रफ रजा, विजय उरांव, हरिदास भगत, काले उरांव, बिरसू भगत, असलम अंसारी, जफर इकबाल, मंसूर अंसारी, फगुआ उरांव आदि उपस्थित थे।

**धुमकुड़िया भवनों का निर्माण होना आदिवासी भाई बहनों के लिए गौरवपूर्ण बात : धीरज साहू**

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि गठबंधन की सरकार आदिवासी भाई बहनों के हितों के लिए कार्य करने में तत्पर है। कल्याण विभाग के माध्यम से जिले में धुमकुड़िया भवनों का निर्माण होना आदिवासी भाई बहनों के लिए गौरवपूर्ण बात है। इससे सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा मिलेगा।

स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से लोहरदगा जिले में आदिवासी संस्कृति कला केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, और जगह जगह आदिवासी मसना घेराव,एवं कब्रस्तान का भी घेराव कराया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि लोहरदगा जिले में विकास कार्य तेजी से हो और यहां की जनता खुशहाल रह सके।

### लोहरदगा में यूसी मास ब्रांच का भव्य उदघाटन

# बच्चों के समग्र विकास के लिए यूसी मास की कक्षा कारगर: बनफूल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा:** पांच से तेरहवीं वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के मानसिक, शारीरिक विकास कर बच्चों के समग्र विकास के उद्देश्य से शहर के कचहरी मोड़ के निकट यूसीमास (यूसीएमएएस)संस्थान का उद्घाटन रविवार को भव्य तरीके से किया गया। यूसीमास के लोहरदगा ब्रांच हेड बनफूल उरांव, रामदयाल उरांव, ज़िला परिषद पूर्व अध्यक्षा सुनैना कुमारी, संस्था के निदेशक उदित सुरेका व मनीष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर यूसीमास के ब्रांच हेड बनफूल उरांव ने कहा कि, इस संस्थान में आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक से बढ़ते बच्चों में दिमागी क्षमता का विकास करना उद्देश्य है। कहा, यूसीमास की कक्षा में बच्चों को वैज्ञानिक विधि से उनकी क्षमता का विकास किया जाता है। इस माध्यम से बच्चों में सीखने की दिमागी क्षमता बढ़ती होती है। मेमोरी तेज होती है। पहाड़ा और मैथ बच्चों के लिए आसान हो जाता है। बच्चों का स्किल बढ़ता है। बच्चे दिमागी और शारीरिक रूप से ब्रिलियंट बनते हैं। लगातार तीन वर्ष का कोर्स करने वाले बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा सफलता मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है।

इस मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष सुनैना कुमारी, सुमित्रा उरांव, गीतांजलि उरांव, वीरेंद्र कुमार, भदर उराव, संजय मांझी, दीनदयाल उराव, सूरज उराव, अजीत उरांव समेत अन्य ने भी संस्था की सफलता करते हुए शहर में इसकी शुरूआत होने की सराहना किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद थे।

## नशे में दूसरे के मकान में घुसने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही): झखरा ग्राम में नशे के हालत में दूसरे के घर घुसने की सूचना पर पुलिस अग्रतर कारवाई करते युवक को लोहरदगा न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत किया। सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा ग्राम में नशे के हालत में दूसरे के मकान में घुसने के आरोप पर झखरा निवासी सिदिक अंसारी का 31 वर्षीय पुत्र अमेरुल अंसारी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर आरोपी को अनुमंडल न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत किया गया। पुअनि गणेश यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि शराब के नशे में झखरा निवासी भरत जयसवाल का मकान में चार दिवारी फांद कर घर का दरवाजा खटखटा रहा था। जिसपर आसपास के ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए थाना को सूचनार्थ किया गया था। सूचना के आलोक पर सेन्हा थाना पुलिस कारवाई करते हुए धारा 107/116 कॉलज 3 द प्र स के तहत अनुमंडल न्यायिक हिरासत में आरोपी को प्रस्तुत किया गया। जहां आरोपी के विरुद्ध अग्रतर कारवाई किया जायेगा।**

# बंद मकान में चोरी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा:** चोरी करने का प्रयास के आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस बरही से गिरफ्तार कर दो आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही में दो महिला बन्द मकान में घुस गोदरेज का लॉक खोल ज्वेरात और पैसा की चोरी करने का प्रयास कर रही थी। जिसकी सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि बरही ग्राम निवासी सवीर अंसारी के पुत्र खलील अंसारी के घर में दिनदहाड़े दरवाजा के कुंडी खोल कर घर में दो महिला घुस गयी थी। गोदरेज का लॉक खोल कर गहना और पैसे की चोरी करने का प्रयास कर रही थी। तभी घर के सदस्य काम कर लौटा तो घर खुला देख चोर का हल्ला करने लगा तभी आसपास के महिला और पुरुष दोनों महिला को घेर लिया और थाना को घटना की सूचना दिया गया। घटना की सूचना पर पु अ नि गणेश कुमार यादव दलबल के साथ बरही ग्राम पहुंच दोनो महिला को पकड़ थाना लाया।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दोनो महिला अपना नाम पता बताते हुए कही कि डाल्टेनगंज चियांकी मोहसरी टोली निवासी मुना खेरवार के पुत्री संजना कुमारी और मनीष खेरवार के पत्नी कुसुम कुमारी है। चोरी के प्रयास मामले में सेन्हा थाना में कांड संख्या 91/23 दर्ज कर धारा 380,511 भादवी के तहत दोनों आरोपी महिला को लोहरदगा जेल भेज दिया गया। पु अ नि गणेश कुमार यादव ने कहा कि दो महिला को बरही स्थित मकान में चोरी करने के आरोप में जेल भेजा गया है।

# आजसू पार्टी ने की आम जनों के साथ बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में आम जनों के साथ बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने की। संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पे है। कोई सुनने वाला नही है। चतरा लोकसभा के इतिहास में कोई क्षेत्रीय संसद नही होना बहुत बड़ा दुर्भाग्य है। जनता इतनी त्रस्त है फिर भी कोई कुछ बोलने को तैयार नही है। हम लोकसभा स्तर पे अभियान चलाके जनता जनार्दन से आग्रह करेंगे कि जिन्हें भी चतरा लोकसभा से अपना प्रतिनिधि चुने वो क्षेत्रीय हो ताकि उन्हें क्षेत्र की जनता कि समस्या समझ आये और जनता उन तक अपनी बात पहुंचा सके । बैठक में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गयी प्रमुख रूप से 5 जुलाई उपायुक्त से सभी लोग मिलेंगे और विस्तृत रूप से बातो को बतायेंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 15 दिनों के अंदर सारे आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई तो अंचल कार्यालय में तालाबंदी कर धरना शुरू किया जायेगा। जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, विकाश साहू, संजय तिवारी, नब्बू भुइया, जुबेर अंसारी, अनुज प्रसाद, डोमन यादव, बुटन भुइया, ताज मोहम्मद, मुराद खान, प्रमोद भुइया, शोभा देवी, रामगति प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

# कराटे खिलाड़ियों के बीच बेल्ट और सर्टिफिकेट वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कराटे एसोसिएशन और एस.एस. स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ललित नारायण स्टेडियम में बेल्ट और सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रेंसी श्रवण साहु ब्लैक बेल्ट 6वीं डॉन ने कराटेकारों को बेल्ट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बेल्ट और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले कराटेकार में वाईट से यलो बेल्ट मान्या राज और श्री समृधि यलो से ऑरेंज बेल्ट मृगांक वैभव, शिवांश यादव, अभय उरांव ऑरेंज से ग्रीन बेल्ट संतुष्टी महली, प्रियांशु सिंह, तन्मय यादव, ग्रीनबेल्ट से ब्लू बेल्ट सानिया परवीन, यश उरांव, आदर्श उरांव और स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हरिया से आनंद उरांव को दिया गया। मौके पर विशेष रुप से सेंसाई सुर्यावती देवी आदि अभिभावक मौजुद थे।

### मुखिया ने किया कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन

# जाति प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के लिए नहीं काटना होगा चक्कर: मुखिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका(लातेहार)।** मनिका। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत स्थित पंचायत सचिवालय बंदुआ में दिन रविवार को डिजिटल कॉमन सर्विस सेंटर का मुखिया अनीता देवी ने फीता काटकर किया उद्घाटन। वहीं मुखिया अनीता देवी ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर खुलने से स्कूली बच्चों एवं पंचायत वासियों को सुविधा मिलेगी। पहले आधार कार्ड राशन कार्ड जाति प्रमाण पत्र स्थानीय प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र का ऑनलाइन कराने के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन ग्रामीणों को यहां सारे सुविधा पंचायत भवन में ही मिलेगा। लोगों को कहीं और चक्कर लगाने का जरूरत नहीं पड़ेगी। मुखिया ने कॉमन सर्विस सेंटर संचालक को निर्देश दिया कि कॉमन सर्विस सेंटर में आधार से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान अच्छे से करें आधार कार्ड को लेकर किसी को शिकायत का मौका ना दें पंचायत क्षेत्र में आधार केंद्र खोलना अच्छी पहल है दूरदराज के ग्रामीण व स्कूली बच्चों को आधार कार्ड में कई तरह की तकनीकी समस्या रहती है जिस कारण उन्हें विभिन्न सेवाओं का लाभ लेने के लिए दिक्कत होती है सर्विस सेंटर के संचालक मनोज कुमार गुप्ता अच्छे से हल करें एवं ग्रामीणों को बेहतर सेवा दे वही संचालक ने केंद्र से मिलने वाली सुविधाएं एवं सेवा की जानकारी ग्रामीणों को दी मौके पर ग्राम प्रधान महावीर प्रसाद मुखिया पतिभरदूल, सिंह, समाजसेवी रामसेवक उरांव, ने कहा कि प्रज्ञा केंद्र खुलने से लोगों को अनेकों तरह की सुविधा मिलेगी पैसा का बचत होगी अपना पंचायत भवन में आकर आधार कार्ड भी बनाने का सुविधा है आयुष्मान कार्ड भी बनाने की सुविधा है और जाति स्थानीय आय प्रमाण पत्र सभी चीज जोकि प्रज्ञा केंद्र में अबेलेबल है सारा चीज से सुविधा मिलेगा वही मौके पर समाजसेवी कुमार संजय सिंह ने कहा ने कहा कि हमारे बंदुआ पंचायत में जो की समस्या आम ग्रामीण जनता के साथ थी वो आज प्रज्ञा केंद्र खुलने से लोगों को सारी सुविधायें मिलेगी लोगों का दूरदराज जाने से परेशानी से पैसा बचत होगी टाइम का बचत होगी प्रज्ञा केंद्र में जो सुविधा है और जरूर लोगों को मिलेगी पैसा ट्रांसफर करना पैसा निकासी करना इन सारा सुविधा मिलेगी मौके में समाजसेवी समोधी यादव उप मुखिया पति धर्मेंद्र प्रसाद, विनोद उरांव उर्फ गुड्डू राजेश्वर यादव वार्ड सदस्य कामेश्वर राम स्वयंसेवक बागिनदर पासवान, कलावती देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बजरंग दल की बैठक में जिला टोली का विस्तार



**लोहरदगा(आजाद सिपाही)। बजरंग दल लोहरदगा की बैठक फुलवारी राम मंदिर में हुई। बैठक में जिला टोली का विस्तार किया गया। जिसमें जिला सहसंयोजक लवकेश राय उर्फ राजा, अखाड़ा प्रमुख चंदन साहू, विद्यार्थी प्रमुख सनी कुमार, गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप को बनाया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सतीश पांडे ने की। बैठक में बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार, सहसंयोजक उज्जवल कुशवाहा, सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।**

## श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना हुआ



**लातेहार(आजाद सिपाही): श्रद्धालुओं का एक जत्था रविवार की शाम लातेहार से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इससे पहले श्रद्धालुओं ने शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में माथा टेका और मंगलमय यात्रा की कामना की। पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रवाना हुए श्रद्धालुओं ने कहा कि वे अमरनाथ में भगवान शंकर से क्षेत्र, प्रदेश व राष्ट्र की सुख व समृद्धि की कामना करेगें। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि अध्या?त्मिक यात्राओं से एक नयी उर्जा और स्फुर्ति मिलती है। यात्राओं से एक दूसरे की संस्कृति, रहन सहन और अन्य सामाजिक व्यवस्थाओं की जानकारी मिलती है। हर यात्रा से मनुष्य को कुछ न कुछ सीखने का अवसर मिलता है। 11 सदस्यीय इस श्रद्धालुओं के जत्थे में विजय कुमार गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, रंजीत कुमार साहु, रविंद्र प्रजापति, संजय कुमार गुड्डू , निक्कू, रंजन कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार शौंडिक और संतोष कुमार साहु शामिल हैं।**

# किता गांव में डायन बिसाही के आरोप में वृद्धा के साथ भतीजे ने की मारपीट



**वृद्धा को जिंदा दफनाने के लिए गड्ढा खोद चुका था आरोपी**

**पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के किता गांव में डायन विसाही मामले में रिश्ते के भतीजा ने स्व. रोंधा तूरी की पत्नी 65 वर्षीय देवकी तूरी के साथ मारपीट की। मारपीट करने के बाद घर के पीछे गड्ढा खोदकर जान से मारने के बाद उसी में डालने की योजना थी। घटना की जानकारी गुमला थाना को मिलने के बाद पुलिस पीड़िता के घर जाने लगी तभी आधे रास्ते में खरका के पास रिश्तेदारों द्वारा घायल महिला को अस्पताल लाने के क्रम में उनसे मुलाकात हुई। जहां से पुलिस ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना शनिवार अपराह्न 4:00 बजे की है। बताया जाता है कि आरोपी नशा में था। वहीं वह हाथ में चाकू पकड़ा था और घायल महिला को जान से मारने की नीयत से उसके घर में चला गया। उस समय घर में महिला के अलावा कोई नहीं था। वहीं रविवार को पुलिस ने आरोपी मनेश्वर तूरी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

## भाषा खतियान संघर्ष समिति की प्रखंड कमेटी का गठन, रोहित रोशन बने अध्यक्ष



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनारी में रविवार को भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक गौतम उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जहां संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक विस्तार करने के उद्देश्य प्रखंड कमेटी गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष रोहित रोशन भगत एवं महासचिव धनेश्वर उरांव को बनाया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष रोहित रोशन भगत ने कहा कि आज झारखंड राज्य के अलग हुए 23 वर्ष हो चुके हैं। इसके बावजूद आज तक यहां के स्थानीय लोगों की पहचान नहीं हो पायी है कि झारखंडी कौन है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद सरकार की गलत नीति के कारण यहां के पढ़े-लिखे नौजवान लोग बेरोजगार घूम रहे हैं और दूसरे राज्य के अभ्यर्थी झारखंड में आकर नौकरी ले रहे हैं। वहीं महासचिव धनेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज से भरा एक धनी राज है, इसके बावजूद यहां के निवासी झारखंडी गरीब हैं। क्योंकि सरकार कभी नहीं चाहती है कि यहां के लोगों को रोजगार मिले। सिर्फ यहां के लोग राजनीतिक दल के झांसे में आकर उनका समर्थन करें। उन्होंने कहा कि अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि यहां के लोग जाग चुके हैं। हम सभी लोग अपना हक अधिकार लेकर रहेंगे। जो भी राजनीतिक दल के लोग इसका विरोध करेंगे उन्हें उखाड़ फेंकने का भी काम किया जाएगा। इस मौके पर सनी संदीप तिग्गा, महात्मा उरांव, श्रवण महली, आशीष सिंह, राजबली भगत, कमल उराव, कलेश्वर उरांव, प्रेम दिल नगेसिया, प्रदीप कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## घाघरा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोरियाडीह ग्राम निवासी 21 वर्षीय प्रकाश यादव ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जानकारी के अनुसार मृतक के भाई भुनेश्वर यादव ने बताया कि उसके भाई का मानसिक संतुलन पिछले लगभग 10 वर्षों से खराब था। पिछले तीन चार महीने से कुछ ज्यादा ही मानसिक संतुलन गड़बड़ चल रहा था। रविवार की दोपहर घर में खाना पीना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और छत में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पीठवर टोली गांव के समीप टीवीएस मोपेड और बोलेरो के आमने-सामने भिड़ंत में मोपेड सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की मदद से युवक को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया है, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो वाहन काफी तेज गति से घाघरा की तरफ से बिशनपुर की तरफ जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से मोपेड सवार एक अज्ञात युवक जा रहा था, जिसे वह अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी थी।

**बैठक : राष्ट्रीय तेली साहू महागठबंधन ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा, कहा**

# मोदी के नाम पर हमें ठगना बंद करे भाजपा

**कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रदेश कार्यसमिति को किया गया भंग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई, गुमला के पोद्दार धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन गुमला जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार निलेश ने किया।

उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू ने कहा कि लम्बे समय से तेली समाज अपनी उपेक्षा को बर्दाश्त करता रहा है। बार बार मोदी के नाम पर हम थोक वोट भाजपा को देते आ रहे हैं परन्तु भाजपा लगातार हमें नजर अंदाज कर बंधुआ वोटर समझती है।

अब भागीदारी नहीं तो वोट नहीं के तर्ज पर हम निर्णय लेने को बाध्य हो चुके हैं।

कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर-के प्रदेश कार्यसमिति को भंग कर दिया गया ताकि समाज को भागीदारी दिलाने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर नयी कार्यसमिति का गठन किया जा सके। राजधानी रांची स्थित आवासीय प्रदेश कार्यालय जो सामाजिक लोगों के ठहरने का एकमात्र निःशुल्क सेवा केन्द्र है उसे प्रदेश और जिला कार्यसमिति ने आपसी सहयोग से संचालित करने का प्रस्ताव पारित किया।




### कार्यसमिति की बैठक में नहीं आ सके राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अपर महामंत्री ने की शिरकत

**अपरिहार्य कारणों से राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यसमिति की बैठक में शामिल नहीं हो सके। लेकिन उनके स्थान पर दिल्ली से राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू का गुमला आगमन हुआ। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति बैठक भी संपन्न हुई। गुमला के पोद्दार धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन गुमला जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार निलेश ने किया।**

प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि दीनदयाल साहू, प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के अलावे कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव, संजय स्नेही, हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार साहू, विकास कुमार साव, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा प्रियंका कुमारी, जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पलामू जिला अध्यक्ष अशोक प्रसाद साव एवं लातेहार जिला अध्यक्ष रामप्यारे साहू एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुंज विहारी साव ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

गुमला जिला से दिलीप नीलेश, संजय कुमार साहू, गोपाल कुमार, महेश कुमार लाल, अशोक कुमार साहू (मुन्नाजी) जगन्नाथ साहू, विनोद कुमार साह, अजित साहू, पवन कुमार गुप्ता, राजेश्वर साहू, राजीव कुमार साहू, राजकिशोर साहू, सरजू प्रसाद साहू, नितेश कुमार, मुन्ना प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, पंचू साहू, जयश्री साहू जी के अलावे गुमला से काफी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पेड़ एक पुत्र के समान है : शंकरलाल जाजोदिया

**लायंस क्लब गुमला ने सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर गुमला में किया पौधरोपण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा आज सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर गुमला में पौधरोपण किया गया। मौके पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया ने कहा कि पेड़ एक पुत्र के समान है। आज लोग पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं जो कि गलत है, पेड़ से हमें हरियाली मिलती है। उन्होंने कहा पेड़-पौधे को देख कर मन खुश हो जाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। लायंस क्लब गुमला के द्वारा इस प्रकार के सामाजिक कार्य नियमित होते रहते हैं। वहीं क्लब के सचिव लायन अशोक जायशवाल ने कहा परिवार में जिस तरह हम अपने लोगों की देखभाल करते हैं, उसी प्रकार से हमें वृक्षों की देखभाल करनी चाहिए। इन दिनों वृक्षों की कटाई के कारण जिंदगियां बर्बाद हो जा रही है, पेड़ है तो जीवन है,लायंस क्लब गुमला के पीआरओ लायन हेमंत कुमार ने कहा पेड़ है तो जीवन है, प्रत्येक व्यक्ति को एक एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, इन दिनों पेड़ों की कटाई के कारण प्रदूषण की समस्या बन गई है, जिसके कारण कई प्रकार की बीमारी इन दिनों उत्पन्न हो गई है। आज के व्यस्त जीवन में हरे भरे माहौल को देखकर मन खुश हो जाता है।

मौके पर लायन पवन अग्रवाल, लायन अनिल अग्रवाल, लायन बनवारी लाल अग्रवाल, लायन गुलाब चंद्र प्रसाद, लायन विशाल कुमार ने भी पेड़ों के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। मौके पर अनुराधा प्रसाद, शशि किरण, लायन विशाल कुमार, लायन अनिल अग्रवाल, लायन पवन अग्रवाल, रीता गुप्ता, लायन महेश प्रसाद, सदभावा अग्रवाल सहित सांता पब्लिक स्कूल के स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।



# सेवानिवृत्त होकर लौटे सैनिक का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**ग्रामीणों ने जुलूस के रूप में ढोल-नगाड़े और राष्ट्र भक्ति नारे लगाते हुए उन्हें मुर्गू गांव स्थित घर पहुंचाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** सेना में रहकर 17 वर्षों तक देश सेवा करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त होकर घर लौटने पर मुर्गू गांव निवासी विपिन कुमार साहू (36) का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया।

आर्मी जवान विपिन कुमार साहू के रविवार को घर वापसी की सूचना पर विपिन के पिता राधामोहन साहू, पत्नी आरती कुमारी, तीन वर्षीय पुत्री जीवा कुमारी सहित कई ग्रामीण मुर्गू मोड़ नागफेनी पुल के समीप ढोल-नगाड़े व फूल मालाओं के साथ स्वागत के लिए एकत्रित हुए थे।

करीब 12 बजे फूल आर्मी ड्रेस में विपिन जैसे ही यात्री बस से उतरे, लोग भारत माता व बंदे मातरम के नारे लगाने लगे। पिता राधामोहन साहू अपने पुत्र को माला पहना कर गले लगाया। ग्रामीणों ने विपिन को फूल मालाओं से लाद दिया और कई लोगों ने विपिन को गले लगाया। वहीं विपिन ने बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। आरती ने गुलदस्ता देकर पति का स्वागत किया। वहीं जीवा ने पिता से लिपट कर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने जुलूस के रूप में ढोल-नगाड़े और राष्ट्र भक्ति नारे लगाते हुए उसे मुर्गू गांव स्थित घर पहुंचाया। इस दौरान रास्ते मे पड़ने वाले घरों में जाकर विपिन ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। विपिन के पिता कृषक हैं व मां उर्मिला देवी की मौत हो चुकी है, बड़े भाई भूषण कुमार शिक्षक हैं। विपिन ने आईएससी पास करने के बाद 2006 में आर्मी जॉईन किया था। 17 साल की सेवा में जम्मू कश्मीर, असम सहित संयुक्त राष्ट्र संघ शांति सेना के रूप में दक्षिणी सूडान में अपनी सेवा दे चुके हैं। साथ ही एनएसजी स्पेशल फोर्स के तौर पर एसपीजी कमांडो के साथ 3 साल 9 महीना प्रधानमंत्री के सुरक्षा में भी अपनी सेवा दे चुके हैं।

मौके पर राधामोहन साहू, किशुन साहू, दिनेश साहू, विनय साहु, मदन सोनी, प्रेम साहू,विकास साहू, अरुण राम,अभिषेक साहू, कन्हैया साहू, प्रीतम साहू, राहुल साहू, ज्योति चौधरी, नागा उरांव, विजय सोनी, मनोज साहू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



**कार्यक्रम : सूड़ी समाज गुमला ने किया प्रतिभा सम्मान सह रक्तदान शिविर का आयोजन**

# मजबूत और सशक्त समाज के लिए शिक्षित लोगों का होना जरूरी : विनय लाल

**शिविर में किया गया कुल 26 यूनिट रक्तदान तथा सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को किया गया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सूड़ी समाज गुमला ने प्रतिभा सम्मान सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम गुमला बस स्टैंड स्थित सूड़ी धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित संरक्षकों और जिलाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस मौके पर उपस्थित जिलाध्यक्ष सूरज साहू ने कहा समाज के लोग अब शिक्षा के प्रति काफी जागरूक हुये हैं। जिसका परिणाम है कि आज मैट्रिक और इंटर में समाज के बच्चे काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही वर्ष 2023 में सरकारी शिक्षकों की काफी संख्या में बहाली हुई है। रक्तदान हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है।

मौके पर समाज के संरक्षक विनय कुमार लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत और सशक्त समाज के लिए शिक्षित लोगों का होना जरूरी है। अतः शिक्षा पर सभी को जोर देते हुए परिवार तथा समाज और देश के उत्थान हेतु प्रयासरत होना चाहिए।

मौके पर समाज के सचिव संदीप प्रसाद ने जानकारी दी कि रक्तदान शिविर में कुल 26 यूनिट रक्तदान किया गया तथा सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और सभी को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर संरक्षक बद्री गुलशन, रामेश्वर साहू, उदय प्रसाद, महावीर साहू, संजय कुमार, खुशबू कुमारी, मुकेश कुमार साहू, राजकुमार साहू, नंदकिशोर प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, सूरज प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, पुनीत कुमार लाल, समाजसेवी राजेश सिंह, बजरंग दल के संयोजक मुकेश सिंह समाज के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए काफी संख्या में महिला-पुरुष तथा ब्लड बैंक टेक्निशियन राकेश कुमार अंजू किंडो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।




### इन्होंने ने किया रक्तदान

कार्यक्रम में आयोजित रक्तदान शिविर में सूरज कुमार साहू, पुनीत कुमार लाल, राहुल चौधरी, गोपाल प्रसाद, सूरज प्रसाद, अवधेश साहू, अलका देवी, अमृता चौधरी, इंदरजीत कुमार, साहू, राजेश कुमार, तुलेश्वर साहू, मिथिलेश प्रसाद, मुकेश कुमार साहू, विक्रम कर्मकार, सुमित साहू, नीरज कुमार साहू, ज्ञानचंद साहू, ऋतुराज गुलशन, संजय कुमार, अनीता प्रसाद, मोहित कुमार साहू, आदित्य कुमार साहू, महेश्वर सिंह के नाम शामिल हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सुरसांग थाना क्षेत्र के महुवाटोली मोड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक क्रमशः दिलीप किंडो (24), पिता सुरेश किंडो व केशव सिंह (18), पिता चन्द्रपाल सिंह दोनों ग्राम मुरुमकेला निवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों ही युवक एक मोटरसाइकिल में सवार होकर बिरकेरा गांव की ओर जा रहे थे तभी महुवाटोली मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर रोड के साइड में लगे यातायात नियम के बोर्ड से टकरा गये, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## रांची-सिमडेगा लोकल बस ओनर्स एसोसिएसन की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर की गयी चर्चा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** रांची-सिमडेगा लोकल बस ऑनर एसोसिएसन के बस मालिक एवं कर्मियों की एक बैठक पर्यटक स्थल बाघमुंडा में कृष्ण मोहन सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पिछली बैठक की संपुष्टि की गयी। रांची-सिमडेगा रूट में चलने वाली बसों के संचालन में हो रही परेशानी पर चर्चा करते हुए पुनः एक बैठक रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में रांची-सिमडेगा चलने वाली बसों से प्रतिदिन 20 रुपया सहयोग राशि लेने एवं उक्त राशि का उपयोग जरूरत के अनुसार सर्वसम्मति से करने का निर्णय लिया गया। आगामी 9 जुलाई को खूंटी में बैठक कर खूंटी जिला बस ऑनर एसोसिएशन का पुनर्गठन करते हुए नये पदाधिकारियों का चुनाव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रांची-सिमडेगा चलने वाली सभी बसों में परमिट एवं नियम का पालन करने, प्राधिकार में ओवर टेकिंग समय सारणी का विरोध करने और प्राधिकार अगर प्राधिकार नियम को अनदेखा करते हुए पांच दस मिनट का पालन नहीं करते हुए परमिट देती है तो वेसे परमिट वाले बसों को खूंटी बस एसोसिएशन द्वारा रास्ते में रोकने, खूंटी बस ऑनर एसोसिएशन द्वारा पूरे मार्ग में आने वाली समस्याओं यथा थाना, डीटीओ, एमवीआइ, दुर्घटना जैसी समस्याओं का निष्पादन करने आदि शामिल है। बैठक में बस मालिक कृष्ण मोहन सिंह, मोहम्मद इशफाक आजम, विनोद मिश्रा, संजय यादव, अनीस बुधिया, किशोर साहू, सलमान अंसारी, गौरी शंकर ओहदार, बालमुकुंद ओहदार, अभिषेक भगत, अशोक साहू, मुकेश नाग, फुलेश्वर साहू, प्रवीण अग्रवाल, अजय सिंह, गुरु जायसवाल, मारवाड़ी साहू, दिलीप साहू, महावीर ओहदार समेत अनेक बस मालिक और बसिया कामडारा के बस एजेंट शामिल थे।

## भूतपूर्व सैनिक व वीर नारियों की बैठक आयोजित

**सिसई (आजाद सिपाही)।** भूतपूर्व सैनिक भवन में रविवार को कैप्टन लोहरा उरांव की अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिक व वीर नारियों की मासिक बैठक हुई। बैठक में लोहरा उरांव ने सरकारी सुविधाओं व प्रावधनों की विस्तृत जानकारी देते हुए भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों को संगठन से जुड़ने और मासिक बैठक में शामिल होने की बात कही। वहीं सुबेदार गंदुर भगत ने भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ के पासबुक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का नाम दर्ज करने और अपने-अपने बच्चों का सीए (चिल्ड्रेन एजुकेशन) फार्म भरकर सैनिक बोर्ड आंफिस में जमा करने की बात कही। मौके पर डीएन भगत, रामनिवास भगत, सनियारो उरांव, दरी भगत, सीताराम उरांव, खदी भगत, नान्दु उरांव, सहवीर उरांव, सुरेंद्र पहान आदि मौजूद थे।

## 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय बालक-बालिक सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोनबीर नवाटोली के प्रांगण में 9वीं झारखण्ड राज्य स्तरीय बालक-बालिका सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता 2023 भाग लेने हेतु कब्बडी चयन प्रतियोगिता रखी गयी। इस चयन प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग में शिल्पा सिंह, एलिस पन्ना, दिव्या सुरीन, प्रिया तिर्की, नम्रता लकड़ा, अंकिता कुजूर, खुशी कुमारी, प्रोमिला केरकेट्टा, शीतल किंडो, अंजली बागे, अनामिका केरकेट्टा, अलका होरो एवं अतिरिक्त में सिमरन मिंज, अनामिका टूटी और एंजल होरो का चयन हुआ। वहीं बालक वर्ग में आनंद टूटी, सलोम कौड़िया, सेजन लोमगा, अरनोल्ड बारला, प्रिंस किस्पोट्टा, सेत लोमगा, रोनाल्ड बारला, साहिल एक्का, सुदीप एक्का, पुनीत साहू, हेमंत केरकेट्टा, अतुल इंदवार एवं अतिरिक्त खिलाड़ी के तौर पर आर्यन महतो, निखिल सिंह और युवराज सिंह का चयन किया गया। यह चयन जिला कबड्डी संघ के सचिव सुषमा नाग, वाईस प्रिंसिपल ब्रदर जेवियर मिंज, ज्योति रंजन, जगदेव गोप, छोटेलाल ताम्रकर, राजेश साहू, अनुपम धनवार, समीर मिंज, राजेश बारला के उपस्थिति में संपन्न हुआ। सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 9वीं झारखण्ड राज्य स्तरीय बालक बालिका सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता 23 में हिस्सा लेंगे।

## स्व. इमानुएल तिर्की मेमोरियल नाइट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट में रंगीला सीसी ने जीता चैंपियन का खिताब

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्व. इमानुएल तिर्की मेमोरियल नाइट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार को फाइनल मुकाबला खड़िया पाड़ा स्थित मैदान में संपन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला रंगीला बौवा सीसी बनाम बरियातू इलेवन के बीच खेला गया। आठ-आठ ओवर के निर्धारित मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बरियातू की टीम ने पूरा विकेट खोकर 58 रनों का स्कोर खड़ा किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रंगीला सीसी की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। एक समय महज 17 रन के स्कोर पर उनके 5 विकेट गिर गए। मगर टीम के निचले हिस्से के खिलाड़ियों ने हिम्मत नहीं हारी। ऑलराउंडर मो. तबारक और पवन ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। आखरी ओवर के चौथी गेंद में चौका जड़कर तबारक ने टीम को रोमांचक जीत दिलाई। पूरे मैच के दौरान तबारक हीरो बने रहे। उन्होंने 30 रनों की नाबाद पारी खेल कर मैन ऑफ दी मैच का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण तिर्की, विशिष्ट अतिथि कलीम अख्तर, रणजीत सिंह, आरिफ अंसारी, अधिवक्ता मो मोसाहिद आजमी, मो मकसूद, मो लड्डन, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता के पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपन साहू के 30 वर्षीय पुत्र प्रकाश साहू का निधन टीएमएच हॉस्पिटल टाटा में हो गया। जो केंसर, ब्लैक फंगस जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। एक नौजवान बेटे को खोना किसी भी परिवार के लिय असहनशील होता है। गुमला जिला भाजपा शोक संवेदना प्रकट कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्राथना की। शोक प्रकट करने वालों में जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाइक, कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, शिवप्रसाद साहू, बालमुकुंद महतो, प्रेम केशरी, मंगलसिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, सुबोध लाल, विनय लाल, विजय मिश्रा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सविन्द्र सिंह, अवधेश प्रताप शाहदेव, यशवंत सिंह, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, गायत्री देवी, सुजीत नंदा, शैल मिश्रा, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, रविंद्र सिन्हा, सुधीर नंद, खुशमन नायक, निरंजन सिंह, कृष्णदेव सिंह, रामअवध साहू, रामवतार भगत, अशेष बारला, शंभु सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, राधेश्याम कुशवाहा, जगनारायण सिंह, शिवदयाल गोप, चितरंजन मिश्रा, सूरजदेव सिंह, विपिन बिहारी सिंह, सावित्री मेहता, आफताब आलम लाडले, विनोद कुमार, अनीता देवी, शमीम खान, मो. मुख्तार आलम, दामोदर कसेरा, संजय वर्मा, संजय साहू, पायल तिवारी, भोला चौधरी, सुनील दास, राजेश सिंह, मीरा कुमारी, सरयू प्रसाद, संतोष सिंह, गीता मिश्रा, विकास सिंह, सुषमा गुप्ता, कंचन लाल, अजीत कुमार, अरविन्द मिश्रा, बालकेश्वर सिंह, सुधीर सोनी, सौरभ पांडेय, अंजनी सिंह, विपिन सिंह, संदीप प्रसाद, विजय शंकर दास, लक्ष्मी विश्वकर्मा, कौशलेंद्र जमुआर, दिनेश सिंह, सुमन कुमार आदि शामिल हैं।

